
# खेल एक नज़र में



दिल्ली के ऋषभ पंत अपनी टीम को जितवा तो नहीं पाए लेकिन तीन दिन पहले अपने पिता के निधन के बावजूद दिल्ली डेयरडेविल्स से मैच में खेलने उतरे ऋषभ की ट्विटर पर क्रिकेट फ़ैन्स ने खूब प्रशंसा की है। बुधवार को ऋषभ के पिता का निधन हो गया था और शनिवार को उनकी टीम दिल्ली का पहला मैच था, ऋषभ ने न सिर्फ़ आईपीएल मैच में हिस्सा लिया बल्कि उनका बल्ला भी खूब बोला, उन्होंने 36 गेंदों में 57 रन बनाए, दीप ने ट्वीट किया - बुधवार को अपने पिता को खोया, लेकिन क्या खिलाड़ी हैं ऋषभ पंत, अपनी टीम को जीताने के लिए लड़े, जबकि विरोधी टीम ने ट्विटर पर लिखा पंत ने 33 गेंदों में अर्धशतक बनाया, एक बहादुर युवक की ख़ास पारी।



इंडियन प्रीमियर लीग के आठवें मैच में किंग्स इलेवन पंजाब ने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को 8 विकेट से हरा दिया है। इंदौर में खेले गए मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के कप्तान शेन वॉटसन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी का फैसला किया। निर्धारित 20 ओवर में बैंगलोर की टीम ने चार विकेट के नुकसान पर 148 रन बनाए। ए बी डिविलियर्स ने 89 रन की शानदार नाबाद पारी खेली। आरसीबी के 149 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी किंग्स इलेवन पंजाब की टीम ने ये लक्ष्य 33 गेंद रहते केवल दो विकेट के नुकसान पर आसानी से हासिल कर लिया। पंजाब की तरफ़ से हाशिम अमला ने 58, कप्तान ग्लेन मैक्सवेल ने नाबाद 43 और मनान वोहरा ने 34 रन बनाए, पंजाब की तरफ़ से बेहद किफ़ायती गेंदबाज़ी करने के लिए अक्षर पटेल को मैन ऑफ़ द मैच चुना गया, उन्होंने चार ओवर के स्पेल में 3 रन की औसत से महज़ 12 रन दिए और बैंगलोर के बल्लेबाज़ों को बांधे रखा, उधर बैंगलोर की तरफ से एबी डिविलियर्स ने शानदार बल्लेबाज़ी का प्रदर्शन किया, उन्होंने 89 रन की नाबाद पारी में 9 छक्के और 3 चौके जड़े।



मिस्बाह उल हक ने कहा है कि वेस्टइंडीज़ के खिलाफ टेस्ट सिरीज़ उनके करियर की आखिरी सिरीज़ होगी, पाकिस्तान की टेस्ट क्रिकेट टीम के कप्तान मिस्बाह उल हक ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है, 2010 में पाकिस्तानी खिलाड़ियों पर लगे स्पॉट फ़िक्सिंग के आरोपों के बाद टीम को फिर से खड़ा करने और दुनिया की श्रेष्ठ टेस्ट टीम बनाने में मिस्बाह का बड़ा योगदान है, मिस्बाह उल हक ने कहा है है कि वेस्टइंडीज़ के खिलाफ टेस्ट सिरीज उनके करियर की आखिरी सिरीज़ होगी, मिस्बाह उल हक ने ये घोषणा गुरुवार को गद्दाफी स्टेडियम में नैशनल कैम्प के आखिर में मीडिया के सामने की, गौरतलब है कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष ने भी बुधवार को मिस्बाह के संन्यास के बारे में जानकारी दी थी। बीबीसी उर्दू संवाददाता अब्दुल शकूर के अनुसार मिस्बाह उल हक ने कहा कि वे अपने रिटायरमेंट के बारे में बिल्कुल स्पष्ट थे कि वेस्टइंडीज के खिलाफ उनकी आखिरी सिरीज होगी। पाकिस्तान ने वेस्टइंडीज में कभी टेस्ट सीरीज़ नहीं जीती है और मिस्बाह चाहते हैं कि अच्छे प्रदर्शन और जीत के साथ वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहें, मिस्बाह उल हक ने स्पष्ट कर दिया कि क्रिकेट बोर्ड से उनकी कोई डील नहीं हुई और न ही उन पर किसी प्रकार का कोई दबाव रहा कि वह संन्यास ले लें, पाकिस्तानी कप्तान ने कहा कि वह कुछ समय घरेलू क्रिकेट खेलते रहेंगे, मिस्बाह उल हक ने 72 टेस्ट मैचों में पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व करते हुए 10 शतकों और 36 अर्धशतकों की मदद से 4951 रन बनाए हैं, उन्होंने पाकिस्तान की तरफ से सर्वाधिक 53 टेस्ट मैचों में कप्तानी की है जिनमें से 24 जीते, 18 हारे और 11 बराबरी पर रहे, वह जीत के आधार पर पाकिस्तान के सबसे सफल कप्तान हैं।द्धह्य

## सिंगापुर ओपन सुपर सिरीज़ में साई प्रणीथ चैंपियन



भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी बी साई प्रणीथ ने सिंगापुर ओपन सुपर सिरीज़ का ख़िताब जीत लिया है, उन्होंने फाइनल मुकाबले में अपने ही देश के किदांबी श्रीकांत को 17.21, 21.17, 21.12 से हराया। श्रीकांत ने टक्कर तो दी, लेकिन हार गए, सिंगापुर ओपन सुपर सिरीज़ के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है जब फाइनल मुकाबले में बैडमिंटन कोर्ट के दोनों ओर भारतीय खिलाड़ी थे, 55 मिनट तक चले इस मुकाबले में प्रणीथ ने पहला गेम गंवाने के बाद शानदार वापसी करते हुए श्रीकांत को हराया। साई प्रणीथ की मौजूदा वर्ल्ड रैंकिंग 30 है जबकि किदांबी श्रीकांत उनसे एक पायदान ऊपर यानी 29 वें स्थान पर हैं।

## मुंबई इंडियंस ने हैदराबाद को हराया

आईपीएल के 10वें मुकाबले में मुंबई इंडियंस ने सनराइज़र्स हैदराबाद को चार विकेट से हरा दिया है, टॉस जीतने के बाद मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा ने पहले फील्डिंग का फ़ैसला किया, मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में पहले बल्लेबाज़ी करते हुए सनराइज़र्स हैदराबाद की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 158 रन बनाए, हैदराबाद की तरफ़ से कप्तान डेविड वॉर्नर ने 49 और शिखर धवन ने 48 रन बनाए उसके बाद कटिंग 20 को छोड़कर कोई भी बल्लेबाज़ दहाई का आंकड़ा नहीं छू पाया, हैदराबाद के 159 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई इंडियंस की टीम ने 18.4 ओवर में छह विकेट के नुकसान पर ये लक्ष्य हासिल कर लिया, मुंबई इंडियंस की पारी में नीतीश राणा ने 49 क्रुनल पांड्या ने 37 और विकेटकीपर पार्थिव पटेल ने 39 रन की पारी खेली, मुंबई की तरफ़ से बुमराह ने तीन और हरभजन सिंह ने दो विकेट लिए, जबकि हार्दिक पंड्या मलिंगा और मैक्लेनाघन ने 1-1 विकेट लिए।बुमराह को बेहतरीन गेंदबाजी के लिए मैन ऑफ़ द मैच चुना गया।

### बद्री ने बेंगलौर के लिए तो एंड्र्यू ने गुजरात के लिए कुल चार विकेट चटकाए

वेस्टइंडीज के खिलाड़ी सैमुअल बद्री और आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी एंड्र्यू टाई ने आईपीएल सीज़न 10 में हैट्रिक बनाकर अपना नाम इतिहास के पन्नों में दर्ज कर लिया है, आईपीएल सीजन 10 में पहली हैट्रिक लगाने का रिकॉर्ड सैमुअल बद्री के खाते में गया है, लेकिन आईपीएल के दूसरे मैच में एंड्र्यू टाई ने भी हैट्रिक बना डाली, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलौर के लिए खेलते हुए बद्री ने 9 रन दिए और चार विकेट हासिल किए, इनमें धाकड़ बल्लेबाज रोहित शर्मा, पार्थिव पटेल, मिचेल मैक्केलग्नन शामिल हैं, वहीं गुजरात लायंस के लिए खेलते हुए एंड्र्यू टाई ने पुणे के अंकित शर्मा, मनोज तिवारी और एस एम ठाकुर को आखरी ओवर में पवेलियन पहुंचाया।

### आईपीएल 100 विकेट वाले नेहरा और सबसे स्टाइलिश युवी

37 साल के गेंदबाज़ आशीष नेहरा आईपीएल में 100 विकेट लेने वाले आठवें खिलाड़ी बन गए हैं और बाँए हाथ से गेंद डालने वाले पहले खिलाड़ी, अपने करियर में कई उतार.चढ़ावों से गुज़रे नेहरा को जब.जब आलोचकों ने दरकिनार किया तब तब उन्होंने वापसी की है, आशीष नेहरा ने मीडिया में हमेशा अपने आपको दूर रखा है, पिछले साल तो उन्होंने कहा था कि वो आज भी अपने पुराने मोबाइल के साथ ही खुश हैं, बुधवार को खेले गए आईपीएल मैच में नेहरा ने सनराइज़र्स की ओर से दो विकेट लिए, आईपीएल में 100 विकेट लेने वालों में मलिंगा, अमित मिश्रा ब्रावो पियूष चावला, हरभजन, विनय कुमार और अश्विन शामिल हैं।

### कौन हैं शतक से सनसनी मचाने वाले संजू सैमसन

संजू का जन्म 11 नंवबर 1994 को केरल में तिरुवनन्तपुरम के पुलुविला में हुआ था, संजू एक बढ़िया विकेट कीपर भी हैं, उन्हें केरल का एक उभरता हुआ चेहरा माना जा रहा है, संजू बैटिंग और विकेट कीपिंग दोनों में तकनीकी रूप से बढ़िया माने जाते हैं, संजू की फर्स्ट क्लास क्रिकेट में एंट्री 17 साल की उम्र में केरल के लिए विदर्भ के ख़िलाफ हुई।

## एक धोनी की भरपाई तीन खिलाड़ियों से होगी?



टी-20 मैचों में धोनी की योग्यता को लेकर सोशल मीडिया पर बहस छिड़ी हुई है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार पूर्व कप्तान सौरभ गांगुली ने कहा है कि धोनी वनडे के चैंपियन खिलाड़ी हैं लेकिन टी-20 में उनकी काबिलियत को लेकर वो आश्वस्त नहीं हैं, हैंडल से अज़ीमुद्दीन ने ट्वीट किया है - याद रखिए धोनी को हटाना है तो तीन खिलाड़ी मिलकर ही उनकी जगह भर सकते हैं, जीत दिलाने वाला कप्तान बिजली से भी तेज़ विकेटकीपर और मैच को अंजाम देने वाला फिनीशर, राठौड ने लिखा है - जब विश्व कप और दूसरी ट्रॉफियाँ जीतीं थीं तो लोगों ने जश्न मनाया, अब जब वो बुरे दौर से गुज़र रहे हैं तो लोग उनकी बेइज़्ज़ती कर रहे हैं। इस साल महेंद्र सिंह धोनी को आईपीएल टीम पुणे की कप्तानी से हटा दिया गया था और इस बारे के सीज़न में अभी उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। राइजिंग पुणे सुपरजायंट्स के खिलाफ मैच में धोनी ने 12 रन बनाए, किंग्स इलेवेन के ख़िलाफ वो 5 रन बना सके और डेयरडेविल्स के खिलाफ़ वो मात्र 11 रन ही बना सके, यानी तीन मैचों में 28 रन , कुछ दिन पहले पुणे और मुंबई के बीच मैच में पुणे के कप्तान स्टीव स्मिथ ने अच्छी पारी खेली थी और टीम को जिताया था, इस मैच के बाद हर्ष गोयंका ने कहा था - स्मिथ ने साबित कर दिया कि जंगल का राजा कौन है, धोनी भी उनके सामने फीके पड़ गए, सही में एक कप्तान की पारी, उन्हें कप्तान बनाना अच्छा कदम था। इस ट्वीट के बाद भी सोशल मीडिया पर धोनी के फ़ैन्स ने काफी नाराज़गी जताई थी।

### आईपीएल: कोलकाता ने पंजाब की जीत का सिलसिला तोड़ा



आईपीएल में गुरूवार को प्रतियोगिता के एकमात्र मैच में कोलकाता नाईट राइडर्स ने बड़ी आसानी से किंग्स एलेवन पंजाब को आठ विकेट से हरा दिया। ईडेन गार्डेन्स के मैदान पर पहले बल्लेबाज़ी करने उतरी किंग्स एलेवन पंजाब ने नौ विकेट पर 170 रन का स्कोर खड़ा किया। जवाब में कोलकाता नाईट राइडर्स ने मात्र दो विकेट खोकर तीन ओवर और तीन गेंद पहले ही लक्ष्य हासिल कर लिया। कप्तान गौतम गंभीर ने 49 गेंदों में 72 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई, आईपीएल में गंभीर का ये 33वाँ अर्धशतक था। इस मैच में सबसे कामयाब गेंदबाज़ रहे कोलकाता के उमेश यादव जिन्होंने चार ओवर में 33 रन देकर पंजाब के चार विकेट लिए, अपने चौथे और अंतिम ओवर में यादव ने तीन विकेट गिराए।

# Business News / बिजनेस न्यूज

**देश में घटा है विदेशी यात्रा का किरायाः विदेश यात्रा हुई सस्ती**



भारत से लंदनए सिंगापुर, सिडनी व कुआलालंपुर जैसे विदेशी डेस्टिनेशन के लिए हवाई उड़ान भरना इन गर्मियों में सस्ता हो गया है क्योंकि एयरलाइन कंपनियों के जरिए अंतर्राष्ट्रीय मार्गों पर क्षमता बढाए जाने से हवाई किराये में 28 फीसदी तक कमी आई है। टूर एंड ट्रैवल फर्म कॉक्स एंड किंग्स ने एक रिसर्च में ये निष्कर्ष निकाला है।



देश का सर्विस एक्सपोर्ट फरवरी में 5.9ः बढ़ाए इंपोर्ट में मामूली बढ़त सेवा निर्यात फरवरी 2017 में एक साल पहले की तुलना में 5.9 फीसदी बढ़कर 13.06 अरब डॉलर रहा, 2016 के इसी महीने में यह 12.33 अरब डॉलर था, रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार इसी दौरान सेवा आयात हल्की बढ़त के साथ 7.24 अरब डॉलर रहा, फरवरी 2016 में 7.19 अरब डॉलर मूल्य की सेवाओं का आयात हुआ था। सेवा निर्यात जनवरी 2017 में 13.57 अरब और आयात 8.41 अरब डॉलर था।



रेस्टोरेंट बिल पर सर्विस चार्ज के खिलाफ एडवाइजरी जारी करेगी सरकारः बाहर खाना होगा सस्ता खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री रामविलास पासवान ने आज कहा है कि रेस्टोरेंट्स सर्विस चार्ज वसूलना बंद करें, क्योंकि सर्विस चार्ज टैक्स नहीं केवल एक टिप है, मंत्रालय ने सभी राज्य सरकारों से कहा है कि वह कंपनियों, होटलों और रेस्त्रां को इस बारे में सचेत कर दें।




पीएम मोदी ने दिया डिजिधन स्कीम ,विनर्स को ईनामः 1590 का पेमेंट कर श्रद्धा ने जीते 1 करोड़ ,पीएम मोदी ने डिजिधन योजना के मेगा लकी ड्रा के विजेताओं को पुरस्कार बांटे हैं। वहीं आज नागपुर में पीएम ने अंगूठा लगाकर पेमेंट करने वाला भीम आधार ऐप भी लॉन्च कर दिया है। नागपुर में पीएम मोदी ने भीम आधार ऐप भी लॉन्च किया। ये ऐप मुख्य रूप से दुकानदारों के लिए है।



देश में खुदरा महंगाई दर बढ़ी, लेकिन उत्तर प्रदेश में घटी : सांख्यिकी मंत्रालय के ताजा आंकड़े बताते हैं कि मार्च के महीने के दौरान उत्तर प्रदेश में खुदरा महंगाई दर 2.63 फीसदी दर्ज की गयी, वहीं फरवरी में ये दर 2.72 फीसदी थी, पूरे देश में खुदरा महंगाई दर के आंकलन में उत्तर प्रदेश 12.37 फीसदी के भार के साथ महाराष्ट्र के बाद दूसरे स्थान पर है, चूंकि महराष्ट्र 13.18 फीसदी भार में महंगाई दर बढकर 4 फीसदी के पार चली गयी, साथ ही कुछ और राज्यों में महंगाई दर बढ़ी, इसी का नतीजा ये रहा है कि पूरे देश की खुदरा महंगाई दर मार्च के महीने में 3.65 फीसदी से बढ़कर 3.81 फीसदी हो गयी।




AMAZON इंडिया भी मोबाइल वॉलेट के बाजार में, आरबीआई से मिली मंजूरी - ई कॉमर्स कंपनी अमेजन इंडिया को देश में प्रीपेड भुगतान उपकरण,प्रीपेड, पेमेंट इक्विपमेंट, पीपीआईद्ध या मोबाइल वॉलेट के ऑपरेशन का लाइसेंस मिल गया है, इससे कंपनी को अपने कॉम्पीटीटर स्नैपडील और पेटीएम से मुकाबला करने में मदद मिलेगी, अब अमेजन इंडिया जल्द ही भारत में अपना मोबाइल वॉलेट लांच कर पाएगी क्योंकि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने इसके लिए मंजूरी दे दी है।



INFOSYS चौथी तिमाही नतीजेः मुनाफा बढ़ा- वित्त वर्ष 2017 की चौथी तिमाही में देश की दूसरी सबसे बड़ी आईटी कंपनी इंफोसिस का शुद्ध मुनाफा सिर्फ 0.2 फीसदी बढ़कर 3603 करोड़ रुपये रहा है, इससे पिछले यानी वित्त वर्ष 2016 की चौथी तिमाही में इंफोसिस का मुनाफा 3597 करोड़ रुपये रहा था, वित्त वर्ष 2017 की जनवरी-मार्च तिमाही में इंफोसिस की आय 3.4 फीसदी बढ़कर 17.120 करोड़ रुपये रही है जो इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में 16,550 करोड़ रुपये थी।

## 2016-17 के लिए ईपीएफ पर 8.6 प्रतिशत ब्याज देगा ईपीएफओ

**नई दिल्ली:** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, ईपीएफओ के करीब चार करोड़ अंशधारकों को 2016-17 के लिए उनके प्रॉविडेंट फंड जमा पर 8.65 फीसदी का ब्याज मिलेगा, श्रम मंत्री बंडा दत्तात्रेय ने आज यह जानकारी दी, उन्होंने कहा कि यह संगठन के ट्रस्टियों ने दिसंबर के फैसले के अनुसार ही है, दत्तात्रेय का यह बयान ऐसे समय आया है जबकि इस तरह की खबरें आ रही है कि वित्त मंत्रालय द्वारा श्रम मंत्रालय से ईपीएफ ब्याज दर को 0.5 फीसदी कम करने को कहा जा रहा है। दत्तात्रेय से पूछा गया था कि क्या वित्त मंत्रालय ब्याज दरों को कम करने का मामला बना रहा है, उन्होंने कहा, यह ऐसा नहीं है, सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज सीबीटीद्ध ने 8.65 फीसदी ब्याज देने का फैसला किया है, हमारा मंत्रालय इस बारे में वित्त मंत्रालय से विचार विमर्श करता रहता है, 8.65 फीसदी का ब्याज देने के बाद हमारे पास 158 करोड़ रुपये का सरप्लस बचेगा, उन्होंने कहा कि जरूरत होने पर मैं वित्त मंत्रालय से बात करूंगा, मैंने उनसे इसे मंजूरी देने का आग्रह करूंगा, किसी भी तरह यह ब्याज कामगारों को दिया जाएगा, लेकिन यह कब और कैसे दिया जाएगा यह अभी सवाल है।

### दुनिया की सबसे बेहतर एयरलाइंस बनी एमिरेट्सः भारतीय जेट एयरवेज का भी नाम शामिल

**नई दिल्ली:** अगर आप यात्रा के शौकीन हैं, तो आपके लिए ये जानना बड़ा जरूरी होगा कि दुनिया की कौन सी एयरलाइंस सर्विस, ट्रैवल एक्सपीरिएंसए स्टाफ बिहेवियर के मामले में टॉप सूची में शामिल है, दुनिया की सबसे बड़ी ट्रैवल वेबसाइट में से एक ट्रिपएडवाइजर ने एयरलाइंस के लिए ट्रैवलर्स चॉइस अवॉर्ड का ऐलान किया है, ये पोल दुनिया के 50 कैरिएर्स के बीच कराए गए सर्वे के आधार पर हुआ है। उड़ान यात्रियों के रिव्यू के आधार पर फ्लाई एमिरेट्स को दुनिया की नंबर 1 वेबसाइट का तमगा मिला है, दुनिया की सबसे श्रेष्ठ एयरलाइन की सूची में भारतीय एयरलाइन जेट एयरवेज को भी स्थान मिला है, वहीं इंडिगो को लो-कॉस्ट एयरलाइंस की एशिया पैसेफिक केटेगरी की सूची में टॉप 3 में जगह मिली है, हालांकि ग्लोबल कैटेगरी में एशिया को सबसे ज्यादा विनर्स मिले हैं लेकिन इसमें किसी भी भारतीय कंपनी को टॉप 10 में जगह नहीं मिली है, इन टॉप 5 में से 5 एशियाई कंपनियां हैं और वहीं इसके बाद 2 एयरलाइंस के साथ युनाइटेड एयरलाइंस का नाम आता है।

### 18 लाख अकाउंट आय से मेल नहीं खाते, नोटिस भेजे जाएंगे : जेटली

**नई दिल्ली:** वित्त मंत्री अरुण जेटली ने आज बताया कि नोटबंदी के बाद ऐसे 18 लाख खातों का पता चला है जिनमें जमा राशि खाताधारकों की आय के स्रोतों से मेल नहीं खाती है, उन्होंने साथ ही कहा कि ऐसे खातों पर सरकार की कड़ी नजर है और खाताधारकों को कानूनी नोटिस भेजा जाएगा, वित्त मंत्री ने लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान बताया कि नोटबंदी के बाद निष्क्रिय पड़े खातों या जनधन योजना के तहत खोले गए खातों के दुरुपयोग के संबंध में सरकार जांच कर रही है।

### राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने जीएसटी से जुड़े विधेयकों को मंजूरी दी

**नई दिल्ली :** राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने देश में गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स वस्तु एवं सेवाकर, जीएसटी व्यवस्था लागू करने से संबंधित 4 विधेयकों को मंजूरी दे दी है, इसके साथ ही देश में एक जुलाई से एक देश एक कर व्यवस्था लागू करने का लक्ष्य और करीब आ गया है। राष्ट्रपति ने जिन विधेयकों पर अपनी



सहमति की मुहर लगाई है उनमें .केन्द्रीय जीएसटी कानून 2017, एकीकृत जीएसटी कानून 2017, जीएसटी राज्यों को मुआवजा विधेयक 2017 संघ शासित प्रदेश जीएसटी कानून 2017, शामिल हैं। अब राज्य विधानसभाओं में राज्य जी एसटी विधेयक को पारित किया जाना शेष है। राष्ट्रपति ने जिन विधेयकों को मंजूरी दी है उन्हें संसद के कल समाप्त हुये बजट सत्र में पारित किया गया है, सरकार का इरादा देश में 1 जुलाई से जीएसटी कानून लागू करने का है।

### सेंसेक्स 182 अंक टूटकर 29,461 पर बंद, निफ्टी 9150 तक फिसला

**नई दिल्ली:** भारतीय शेयर बाजार में आज बड़ी गिरावट के साथ कारोबार बंद हुआ है और आज सेंसेक्स में करीब 200 अंकों की गिरावट देखी गई।आज निफ्टी भी 50 अंकों से ज्यादा टूटकर 9150 तक नीचे फिसल गया, कारोबार खत्म होने पर सेंसेक्स और निफ्टी में 0.5 फीसदी से ज्यादा की कमजोरी देखने को मिली है।

**कैसी रही बाजार की चाल:** आज बीएसई का 30 शेयरों वाला प्रमुख इंडेक्स सेंसेक्स 182 अंक यानि 0.6 फीसदी टूटकर 29,461 पर बंद हुआ है, वहीं एनएसई का 50 शेयरों वाला प्रमुख इंडेक्स निफ्टी 53 अंक यानि 0.6 फीसदी की गिरावट के साथ 9151 के स्तर पर बंद हुआ है, घरेलू बाजारों में आज तेज गिरावट के दौरान निफ्टी ने 9144 तक निचले स्तर दिखाए थे वहीं सेंसेक्स 29442 तक टूट गया।

**सेक्टरवार प्रदर्शन :** आज कारोबार के दौरान मेटल शेयरों में 2.79 फीसदी, आईटी शेयरों में 2.51 फीसदी ऑटो और कैपिटल गुड्स इंडेक्स में 1 फीसदी से ज्यादा की गिरावट के साथ कारोबार बंद हुआ है, ऑटो इंडेक्स 0.8 फीसदी वहीं एफएमसीजी इंडेक्स 0.7 फीसदी की कमजोरी के साथ बंद हुआ है, बैंक निफ्टी 0.1 फीसदी की बढ़त के साथ 21,687 पर बंद हुआ जबकि निफ्टी पीएसयू बैंक इंडेक्स 0.4 फीसदी की गिरावट के साथ कारोबार खत्म हुआ है, फार्मा इंडेक्स में 0.8 फीसदी की तेजी दिखी और बीएसई रियल्टी इंडेक्स में 0.9 फीसदी और ऑयल एंड गैस इंडेक्स में 1 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई है।

### नोटबंदी के दौरान बड़े पैमाने पर नगद कारोबार करने वाले 60 हजार पर आईटी की पैनी नजर

**नई दिल्ली:** नोटबंदी के दौरान बड़े पैमाने पर नगद में कारोबार करने के मामले में आ?कर विभाग ने 60 हजार से ज्यादा लोगों की पहचान की हैण् इसके अलावा 6000 से ज्यादा ऊंची कीमत वाली संपत्तियों की खरीद फरोख्त और 6600 से ज्यादा मामले बाहर पैसा भेजे जाने के सामने आए हैंण् अब इन सब की विस्तार से पड़ताल होगी। आयकर विभाग की ओर जारी एक बयान के मुताबिक 60 हजार लोगों मे 1300 ऐसे हैं जिन्हे हाई रिस्क पर्सनकी श्रेणी मे शामिल किया गया है, इस श्रेणी में वो कारोबारी शामिल हैं जिन्होंने अपने पुराने ट्रैक रिकॉर्ड या व्यवसाय के मानकों के विपरीत बड़े पैमाने पर नकद में माल बेचा। इसके अलावा बैंकों मे भारी रकम जमा करने वाले सरकारी और सरकारी कंपनियों के कर्मचारी मोटी खरीद करने वाले शेल कंपनियों के सहारे पैसा इधर-उधर करने वाले और आयकर विभाग से पूछे जाने के बावजूद जवाब नही देने वाले लोग भी हाई रिस्क पर्सन की श्रेणी में शामिल किए गए हैं, ऐसे तमाम लोंगो की पहचान आंकड़ों के विश्लेषण और फंड ट्रैकिंग के जरिए की गयी। ये सबकुछ ऑपरेशन क्लीन मनी का हिस्सा है, जिसके तहत ऑनलाइन माध्यम के जरिए नोटबंदी के दौरान बैंकों में जमा करायी गयी नगद की पड़ताल की गयी, इसमें शुरआती दौर पर 17.92 लोगों की पहचान की गयी जिनकी ओर से जमा करायी गयी रकम, उनके टैक्स रिटर्न से मेल नहीं खा रहा था।